भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2566
04 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

हिंदी भाषा में चिकित्सा शिक्षा

2566. श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ':

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का चिकित्सा शिक्षा को हिंदी भाषा में प्रदान करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने देश में शैक्षिक अवसंरचना के लिए गठित आयोगों से कोई राय मांगी है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): मध्य प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य ने क्षेत्रीय भाषाओं में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक पायलट परियोजना के रूप में हिंदी में चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

******